तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 19 जुलाई 2026

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर ]



13 117 ओबीसी छात्र-छात्राओं के मौके पर ही बने आय व...





14 करियर काउंसलिंग में 10वीं व12वीं की छात्राओं...





LIFE CARE
DIAGNOSTIC CENTRE
Your Health, Our Priority
राजिम नवापारा में पहली बार
MRI MACHINE का आगाज
अब उन्नत तकनीक, सटीक जांच और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं आपके शहर में
50% OFF
GRAND OPENING Ceremony
उद्घाटन
13 जुलाई 2026, दिन - सोमवार
Pattharra Mode, College Road, Vyavahar Nyayalay ke Pass, Rajim, Contact : +91 86022 59351





प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557


# एनएच 130 पर गिरा पेड़, घंटों लगा रहा जाम, लोगों ने ट्रैक्टर से खींचकर हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

■ घने जंगल से घिरा होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा

गरियाबंद-देवभोग नेशनल हाईवे-130 पर शनिवार रात धवलपुर और गौरघाट के बीच एक विशाल साल का पेड़ अचानक सड़क पर गिर जाने से यातायात पूरी तरह ठप हो गया। देखते ही देखते हाईवे के दोनों ओर छोटी-बड़ी गाड़ियों की लंबी कतार लग गई और सैकड़ों यात्री बीच रास्ते में फंस गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर पेड़ गिरते ही करीब 30 से 40 लोगों ने मिलकर पेड़ को हटाने का प्रयास किया, लेकिन उसका आकार इतना बड़ा था कि तमाम कोशिशों के बावजूद सफलता नहीं मिली। बाद में एक ट्रैक्टर की मदद से पेड़ को धक्का देकर सड़क से हटाया गया। काफी मशक्कत के बाद यातायात बहाल हो सका और लोगों ने राहत की सांस ली। घटना के दौरान हाईवे पर कई यात्री घंटों तक जाम में फंसे रहे। रात का समय होने और घने जंगल का इलाका होने के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यदि उसी समय कोई तेज रफ्तार वाहन वहां पहुंच जाता, तो बड़ा हादसा भी हो सकता था।



## बारिश में मौत का जाल बने सड़क किनारे खड़े पेड़

गरियाबंद से धुरवागुड़ी तक नेशनल हाईवे-130 के दोनों ओर बड़ी संख्या में पुराने और विशाल पेड़ खड़े हैं। लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं के कारण इनमें से कई पेड़ कमजोर हो चुके हैं। ऐसे पेड़ कभी भी गिर सकते हैं और राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर पहले भी कई बार पेड़ गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं किया गया है। हर बारिश में वाहन चालकों और यात्रियों को भय के साये में सफर करना पड़ता है।

## वन विभाग और नेशनल हाईवे प्राधिकरण से कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने वन विभाग और नेशनल हाईवे प्राधिकरण से मांग की है कि हाईवे किनारे खड़े जर्जर एवं खतरा बन चुके पेड़ों का तत्काल सर्वे कराया जाए। जो पेड़ दुर्घटना का कारण बन सकते हैं, उन्हें नियमानुसार चिन्हित कर सुरक्षित तरीके से हटाया जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# शावक के साथ घूम रही मादा लकड़बग्घा, दहशत का माहौल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के आसपास पिछले एक पखवाडे से एक मादा लकडबघ्घा शावक के साथ दिखाई दे रहा है, जिससे नगर के लोगों में दहशत देखने को मिल रही है, यह लकडबघ्घा मादा बताया जा रहा है, और अपने साथ एक शावक को भी रखा हुआ है, लकडबघ्घा इन दिनो बीएसएनएल कार्यालय, तालाब किनारे से लेकर गौठान तक प्रतिदिन रात 09 बजे के आसपास पहुच रहा है, मिली जानकारी के अनुसार यह मादा लकडबघ्घा मैनपुर के आसपास ही किसी सुनसान ईलाके में शावक को जन्म दिया है और शाम होते ही निकल रहा है, मादा लकडबघ्घा तालाब और नदी किनारे मुर्गा दुकान मछली दुकानो के फेंके गये अपशिष्टो के गंध मे पहुंच रहा है पहले दो तीन की संख्या में पहुंचते थे लेकिन सड़क दुर्घटनाओं मे लगातार लकड़बघ्धा के हादसे मे मरने के बाद नही दिखाई दे रहा था लेकिन अचानक पिछले 15 दिनों से फिर लकड़बघ्धा दिखाई दे रहा है कुल्हाड़ीघाट से आ रहे ग्रामीण रामेश्वर सोरी, सुकराम नेताम, गैंदू यादव ने बताया मादा लकड़बघ्धा मैनपुर नदी तालाब के किनारे घुम रहा है और उसके साथ शावक भी है जो कभी भी किसी के उपर हमला कर सकता है वन विभाग को चाहिए कि इसे जंगल की तरफ खदेड़ने के लिए कोई प्रयास किया जाये।

## खबर संक्षेप

### वंशिका कश्यप का नवोदय में चयन



**मैनपुर।** मैनपुर मे संचालित द हाइट्स इंग्लिश मीडियम हाई स्कूल की मेधावी छात्र वंशिका कश्यप का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय में होने पर पूरे विद्यालय में हर्ष का वातावरण व्याप्त है। छात्र की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय परिवार द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संचालक मोहम्मद हफीज अंसारी, उप संचालक नाहिद अख्तर खान, प्राचार्य गिरिजा शंकर शर्मा, चमेली कश्यप ने कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं।

### लीलाराम प्रदेश साहू संघ के संयुक्त सचिव बने



**फिंगेश्वर।** ग्राम देवगांव के युवा कवि गीतकार लीलाराम साहू पिता सियाराम साहू प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त हुए। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. निरेन्द्र साहू के अनुशंसा पर छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ सांस्कृतिक एवं कला प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों का नियुक्ति किया गया जिसमें सांस्कृतिक एवं कला प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक महंत डॉ. लीलाधर साहू के द्वारा अंचल के युवा कवि गीतकार लीलाराम साहू को उनके साहित्यिक साधना और सेवा के लिए लीलाराम को प्रदेश संयुक्त सचिव नियुक्त किया गया। लीलाराम साहू सांस्कृतिक एवं समाजिक गतिविधियों के लिए विभिन्न मंचों एवं संस्थाओं द्वारा अनेकों बार संमानित किया जा चुका है तथा उनके लेख और रचना देश भर के विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहते हैं।

## देवभोग-टीपपारा मार्ग कीचड़ से सराबोर...



**मैनपुर।** देवभोग मुडागांव टीपपारा मार्ग में मुरूम के जगह मिट्टी डाल देने से कीचड़ और दलदल के कारण राहगीर परेशान हो रहे है। लगातार बारिश से दलदल कीचड़ मे लोगों को आने –जाने मे भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## जिले में अवैध प्रवासियों व संदिग्धों की सूचना देने की अपील

**गरियाबंद।** जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गरियाबंद पुलिस ने 'जन चेतना से जन सुरक्षा' अभियान की शुरुआत की है। पुलिस अधीक्षक वेद्व्रत सिरमौर ने आम नागरिकों, ग्राम प्रमुखों और मकान मालिकों से जिले की सुरक्षा में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा है कि क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या अवैध प्रवासी की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यदि किसी क्षेत्र में कोई संदिग्ध गतिविधि या अवैध रूप से रह रहा व्यक्ति दिखाई देता है तो उसकी सूचना टोल फ्री नंबर 1800-233-1905, निकटतम पुलिस थाने या जिला पुलिस कंट्रोल रूम को तत्काल दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। अभियान के तहत मकान मालिकों से विशेष रूप से अपील की गई है कि वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को किराये पर कमरा देने से पहले उसका पहचान पत्र अवश्य जांचें और पुलिस सत्यापन कराना सुनिश्चित करें। इससे आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि /"सजग नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव हैं।/" जनता के सहयोग से ही जिले को अपराध मुक्त और सुरक्षित बनाया जा सकता है। गरियाबंद पुलिस ने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत साझा कर अपनी जिम्मेदारी निभाने और पुलिस का सहयोग करने की अपील की है। पुलिस ने भरोसा दिलाया कि वह चौबीसों घंटे आम जनता की सुरक्षा और सेवा के लिए तत्पर है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक का पैर कटकर हुआ अलग, गरियाबंद रिफर

**मैनपुर।** मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मुख्य मार्ग में शनिवार रात 7:30 बजे के आसपास खतरनाक सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार एक युवक का पैर टूटकर अलग हो गया , दर्दनाक सड़क हादसा के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई युवक को इलाज के लिए मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है जहां से उन्हें प्रारंभिक उपचार के बाद जिला अस्पताल गरियाबंद रिफर करने की तैयारी किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर कला महुआभाठा निवासी सोनू मोटरसाइकिल से नेशनल हाईवे 130 सी से मैनपुर की तरफ आ रहा था कि पैरी नदी के पास एक अज्ञात वाहन से मोटरसाइकिल के टक्कर हो जाने से युवक का पैर टूटकर अलग हो गया, मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात ट्रक में युवक को टक्कर मार कर गरियाबंद के तरफ भाग गया बहरहाल मैनपुर अस्पताल में भारी भीड़ लगी हुई है और पुलिस द्वारा अज्ञात ट्रक की तलाश किया जा रहा है।


SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
EXCELLENCE GUARANTEE
PROUD TO ANNOUNCE
BEST PRIVATE DENTAL COLLEGE IN CENTRAL INDIA
with 'A' Grade accredited by NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
Outlook-ICARE Rankings 2026
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA & 16th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA
has been RANKED By Outlook
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA
has been RANKED By INDIA TODAY
REGISTRATION OPEN
AC CLASS ROOMS
BDS | MDS
• BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
Only college in CENTRAL INDIA offering MDS in ALL 9 specialization
1. Prosthodontics & Crown and Bridge
2. Periodontology
3. Orthodontics & Dentofacial Orthopedics
4. Conservative Dentistry and Endodontics
5. Paediatrics & Preventive Dentistry
6. Oral & Maxillofacial Surgery
7. Oral Pathology & Microbiology
8. Oral Medicine & Radiology
9. Public Health Dentistry
www.rungtacolleges.com
@rungtacolleges
ADMISSION HELP LINE : 9229 111 555, 92293 44402





अग्रसेन प्रा. आई.टी. आई
BHILAI | DHANORA
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
छत्तीसगढ़ राज्य की बालिकाओं एवं महिलाओं को COPA ट्रेड में निशुल्क प्रशिक्षण
Affiliated By: N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत / भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्रा - छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25% की छूट
REGISTRATION OPEN
कुरुद रोड़ कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93949 • 89595-44444
अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### रसेला में माता पहुचनी कल

**रसेला।** ग्राम रसेला में पुरानी परंपरा को निभाते हुए आज भी पहले रथयात्रा महोत्सव और बाद में माता पहुचनी का कार्यक्रम संपन्न किया जाता है। ज्ञात हो कि ग्राम रसेला में 20 जुलाई दिन सोमवार को माता पहुचनी का कार्यक्रम रखा गया है। इस दिन मां शीतला से सभी परिवार की खुशहाली, निरोग काया का आर्शीवाद लेने बड़ी संख्या में सुबह से लेकर देर शाम तक लोग परिवार सहित मां शीतला मंदिर पहुंचेंगे। महिलाएं घर से लाए पुजा सामग्री और प्रसाद भेंट किया जाएगा। वहां पर हल्दी युक्त पानी का नीम के पत्ते आशीष देंगे। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए खीर प्रसाद की व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ की लोक, कला, संस्कृति, पर्व, महोत्सव में माता पहुंचनी का भी महत्व है। पुरातन काल से यह परंपरा चली आ रही है। जिस तरह से देवी देवताओं का दिन विशेष है,उसी तरह देवी आराधना के लिए गुरुवार और सोमवार का दिन शुभ माना जाता है। इसलिए आषाढ़ माह में सोमवार या गुरुवार को एक दिन निर्धारित कर गांव -गांव में माता पहुचनी का आयोजन ग्रामीणजन करते हैं। आयोजन की मुनादी पहले से ही कर दी जाती है। जिससे लोगों को गांव के आयोजन की पूर्व सूचना होती है। यहां लोगों पर हल्दी युक्त पानी की बूंदें नीम के पत्ते से छिडका जाता है। इसे ठडई लेना कहते हैं। क्षेत्र के आसपास गांवों में पहले माता पहुचनी मानते हैं फिर रथयात्रा महोत्सव होता है। लोगों का कहना है कि स्वस्थ्य निरोग काया और घर परिवार की खुशहाली के लिए सालभर में यह एक अवसर आता है,जब लोग मां शीतला से आशीर्वाद लेते हैं।

### कार के बोनट में छिपाकर गांजा की तस्करी, दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** कार के बोनट और डिक्की में छिपाकर गांजा तस्करी करने वाले दो लोगों को एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और कोमाखान पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के कब्जे से 15.77 लाख रुपए का 34.540 किलो गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर एक सफेद रंग मारूति डिजायर कार (क्रमांक यूपी 92 एटी 9865) में 02 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन कर रहे हैं। इस सूचना के बाद मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी की गई। कार के वहां पहुंचने पर पुलिस ने पूछताछ की। जिस पर संदेहियों ने अपने नाम पंकज उदैनिया पिता अशोक कुमार (33 साल) निवासी कुठौदा थाना रेंडर जिला जालौन उप्र (हाल पता-मरीन ड्राइव मंदिर के सामने तेलीबांधा रायपुर) व दूसरे सवार ने अपना नाम अभय नागर पिता संतोष नागर (22 साल) निवासी करसान थाना कोतवाली उरई जिला जालौन उप्र होना बताया। पूछताछ में आरोपियों ने गांजा कार के इंजन (बोनट) और डिक्की में छिपाकर गांजा तस्करी की जानकारी दी। कार की तलाशी पर 31.540 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया।

# बारिश ने खोली पोल, वार्डों में भरा पानी, संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

**सांप-बिच्छुओं के साए में जीने को मजबूर नागरिक**





रथ यात्रा के दिन से अंचल में हो रही बारिश के चलते नगर के वार्डों में पानी जाम की जहां स्थिति रही। वहीं पर खेत खलिहान, नदी- नालों का जलीस्तर में वृद्धि हुई है। वार्ड 12 एवं 13 में तालाब जैसा नजारा देखने को मिला है। बहुत से स्थानों में नालियों की सफाई नहीं होने से भी नालियों मे पानी न बहकर सड़कों पर बह रहा है। नागरिकों का कहना है कि टैक्स लेने नगर पंचायत को जल्दी रहती है लेकिन नागरिकों की सेहत एवं सुविधा का उनका जरा सा भी परवाह नहीं है। कालेज ग्राउंड में जाम पानी से उपजे मच्छरों के प्रकोप से कालेज ग्राउंड में रहने वाले नागरिकों को मलेरिया, हाथी पांव आदि बीमारी से खतरा है वहीं पर कालेज एवं आईटी आई में पढ़ने वाले बच्चे भी बिमारी से अछूते नहीं रहेंगे। इसी प्रकार वार्ड 13 में आवासीय भवन के पास पानी जाम है उसे भी निकालने की जहमत नगर पंचायत के द्वारा नहीं उठाई जा रही है। जाम पानी के चलते वार्ड वासियों के निवास में आये दिन सांप बिच्छु भी निकल रहे है जिनकी पिटाई कर नागरिक अपनी जान बचा रहे है। जिस दिन इन सांप बिच्छु को नागरिक देख नहीं पाये तो सर्पदंश की घटना हो सकती है। पूर्व में एक नायब तहसीलदार के बेटे की मौत सांप के काटने से हुआ था जिसे कोई भूला नहीं है। नागरिकों ने नगर पंचायत के सीएमओ से आग्रह किया है वक्त रहते जाम पानी की निकासी सुनिश्चित करें।

## कार्रवाई : जांच जारी और विभाग की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार

# सील आरा मिल में दूसरे दिन भी कार्रवाई, एक पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

नगर में स्थित हुकुमचंद वामनचंद शॉ आरा मील में संदिग्ध सरई (साल)के गोलों की बरामदगी के मामले में शनिवार को दूसरे दिन भी सुबह 8 बजे से देर शाम तक वन विभाग की जांच जारी रही। रायपुर उडऩदस्ता टीम के साथ कोरबा एवं रायपुर वन मंडल के रेंजर, डिप्टी रेंजर और अन्य अधिकारी पूरे दिन मील परिसर में जांच करते रहे। देर शाम तक वन विभाग की ओर से कोई आधिकारिक जानकारी जारी नहीं की गई, लेकिन सूत्रों के अनुसार प्रारंभिक जांच में लकड़ी कोरबा वन मंडल क्षेत्र से लाई गई होना सामने आया है। इसी आधार पर संबंधित व्यक्ति सुनील गुप्ता के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लकड़ी को जब्त कर कोरबा भेजी गई है। जांच के दौरान मील संचालक वामनचंद का कहना है कि इमारती लकड़ी के साथ दूसरी प्रजाति की लकड़ी अनजाने में उनके परिसर में उतर गई थी और इसकी सूचना उन्होंने स्वयं वन विभाग को दी थी। वहीं सुनील गुप्ता ने भी बयान दिया कि सीएसईबी परिसर में कटाई की गई लकड़ी को मजदूरों ने गलती से दूसरी गाड़ी में लोड कर भेज दिया और उस समय वह मौके पर मौजूद नहीं था।

हरिभूमि फॉलोअप



### क्रेन के बिना भारी गोले की लोडिंग संभव नहीं

बरामद सरई के गोले 20 से 22 फीट लंबे तथा अत्यधिक पुराने और उच्च गुणवत्ता वाले वृक्षों के हैं, जिन्हें बिना क्रेन की सहायता से लोड करना संभव नहीं है। ऐसे में इन्हें गलती से भेजे जाने का दावा कई सवाल खड़े करता है। मामले में यह भी चर्चा है कि जांच का आधार मुख्य रूप से संबंधित व्यक्तियों के बयानों को बनाया जा रहा है, जबकि घटनाक्रम और बरामदगी की परिस्थितियों की गहन पड़ताल आवश्यक है पूरे घटनाक्रम को लेकर वन विभाग की कार्यप्रणाली और जांच की निष्पक्षता पर भी स्थानीय स्तर पर सवाल उठ रहे हैं।

वन विभाग ने अभी तक मामले में आधिकारिक रूप से जब्त लकड़ी की मात्रा, जांच के निष्कर्ष या आगे की कार्रवाई को लेकर विस्तृत जानकारी जारी नहीं की है। जांच जारी है और विभाग की अंतिम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

इस संबंध मे रेंज ऑफिसर सीपी महोबिया ने बताया कि यहां मील मे जप्त माल का प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज कर कोरबा से आये आरएफओ जयंत सरकार एवं टीम को लकड़ी को सुपुर्द किया गया है ।

### गोलों को दूसरे स्थान पर ले जाकर छिपाने का प्रयास

हालांकि पूरे मामले में इन बयानों पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि उडऩदस्ता टीम के पहुंचने से पहले मील परिसर से निजी ट्रैक्टर और हाइड्रा क्रेन के जरिए लकड़ी के गोलों को दूसरे स्थान पर ले जाकर छिपाने का प्रयास किया गया। इसी दौरान अभनपुर से करीब पांच किलोमीटर दूर गातापार में सरई लकड़ी गोला से भरा एक निजी ट्रैक्टर जब्त किया गया। अगले दिन नायकबांधा रोड पर भी एक अन्य स्थान पर छिपाकर रखे गए लकड़ी से लोडिंग ट्रैक्टर को वन विभाग ने बरामद किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि लकड़ी वास्तव में गलती से मील परिसर में उतारी गई थी तो उसे दूसरे स्थान पर ले जाकर छिपाने की आवश्यकता क्यों पड़ी।

# तीन किलो अवैध गांजा जब्त अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर के द्वारा समस्त थाना प्रभारी को नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई एवं रोकथाम के निर्देश दिए है जिसके परिपालन में समस्त थाना प्रभारी अपने–अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत मुखबिर सक्रिय किये दिनांक 17 जुलाई को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि रायल ढाबा के पास मेन रोड में अवैध मादक पदार्थ गांजा रख कर बेचने के लिये ग्राहक का इंतजार करते खड़ा था। सूचना के आधार पर थाना मैनपुर से पुलिस टीम रवाना कर घटना स्थल भेजा गया, जहां संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी का नाम पता पूछने पर अपना नाम भावेश भाई पिता मोहन उम्र 23 साल निवासी भचाउ थाना भचाउ तहसील मूंज जिला कच्छ (गुजरात) का होना बताया। जिसके कब्जे से एक काला रंग का पिठ्ठू बैग के अंदर 03 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा किमती 150000 एक किपेड मोबाइल किमती 500 रूपये कुल जुमला किमती 150500 को समक्ष गवाहान मुताबिक जाती जप्त कर अपराध यारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट का घटित करना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर से आरोपी को समक्ष गवाहन के विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक सिद्धेश्वर प्रताप सिंह, प्रशिक्षु उपनिरी. दीपकुमार इकेश्वर, सउनि नकूल सिंह सिदार, कोमल धृतलहरे, प्रवीण वर्मा, अमित कुमार राज, पनेश्वर सिंह, यादराम पटेल, मोतीराम भुआर्य, थाना मैनपुर के अन्य स्टाफ की विशेष भूमिका रही।

# हर्षोल्लास के साथ मना शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, गरियाबंद में नवप्रवेशी छात्राओं के स्वागत हेतु शाला प्रवेशोत्सव का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, पार्षद बिंदु सिन्हा, रेणुका साहू, पुष्पा साहू, सूरज सिन्हा, जिला मिशन समन्वयक शिवेश शुक्ला, संकुल समन्वयक नरेंद्र सोनवानी, शाला प्रबंधन समिति की शिक्षाविद् नम्रता यादव, पालकगण, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं कर्मचारीगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों ने छात्राओं को पुस्तक एवं कॉपियाँ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं दीं तथा शिक्षा के प्रति समर्पित होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना समाज और शासन की प्राथमिकता है। कस्तूरबा विद्यालय बेटियों को आगे बढ़ाने का सराहनीय कार्य कर रहा है। नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन ने कहा कि बेटियों की शिक्षा से ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। छात्राओं को पूरे आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई कर अपने सपनों को साकार करना चाहिए। पार्षद बिंदु सिन्हा ने छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि /"विद्यालय में उपलब्ध सभी सुविधाओं का लाभ उठाकर छात्राएँ शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाएं तथा अपने परिवार और जिले का नाम रोशन करें।

# सरकारी स्कूल पहुंचे जिला पंचायत सीईओ 34 लाख की लागत से बनेंगे अतिरिक्त कमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



जिला पंचायत गरियाबंद मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर शनिवार को सुबह 8.00 बजे मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के शासकीय स्कूल एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया जिला पंचायत सीईओ के औचक निरीक्षण से क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में हड़कंप मचा रहा शनिवार को सुबह पाली मे स्कूल संचालित किया जाता है जिला पंचायत सीईओ सुबह 8 बजे ही मैनपुर नगर के शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय पहुंचे और यहां बच्चो की उपस्थिति तथा लैब प्रायोग शाला सहित पूरे स्कूल परिसर का निरीक्षण किया इस दौरान शाला प्रबंधन समिति द्वारा बताया गया कि स्कूल के चारो तरफ जो आहता निर्माण वर्शो पूर्व किया गया है वह बेहद जर्जर और दयनीय स्थिति मे पहुंच गया है जगह जगह क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके कारण रात मे असामाजिक तत्व स्कूल परिसर मे घुसकर शराबखोरी करते है और शराब के बोतलो को तोड़ फोड़ देते है सुबह स्कूली बच्चे और स्टॉफ परेशान होते है स्कूल के चारो तरफ आहता निर्माण की मांग किया गया साथ ही बताया गया कि आज से 46 वर्ष पहले यहां शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय संचालित किया जा रहा है लेकिन अबतक भवन निर्माण नहीं हुआ है जिसपर जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि अतिरिक्त कमरा निर्माण के लिए 34 लाख रूपए स्वीकृत हुआ है और एक सप्ताह मे कार्य प्रारंभ होने की जानकारी दिया गया है।



**क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल भाठीगढ पहुंचकर लिया जायजा-** जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर मैनपुर से 3 किमी दूर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थल भाठीगढ पहुंचकर पहाड़ी के उपर स्थित पैरी मंदिर पहुंचे और यहां आने वाले दिनो मे पर्यटन की संभावना को देखते हुए सुविधाए उपलब्ध कराने के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया पैरी उद्गम स्थल मे पहाड़ी के उपर सीढीयों के दोनो तरफ रेलिंग निर्माण के साथ श्रध्दालुओं और पर्यटको के लिए शेड प्रतिक्षालय के अलावा सामने गार्डन, पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कार्य योजना तैयार किया गया और पैरी मिनी डेम का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान मैनपुर जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जी.के. गजभिए, मनरेगा परियोजना अधिकारी कपिल नायक, गुप्तेश्वर साहू, पूर्व जनपद सदस्य डाकेश्वर नेगी, उपसरपंच राजेन्द्र नागेश, हीना नेताम, गोविन्द पटेल, सरोज सेन एवं बड़ी संख्या मे स्थानीय अधिकारी कर्मचारी जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## - श्रम लागत में आएगी 70 प्रतिशत तक की कमी

# खेती का नया सारथी, मल्टीपरपज इंटर कल्टीवेटर से होगी बियासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



### निंदाई-गुड़ाई आसान कृषि श्रमिकों की कमी और अनिश्चित

मानसून के दौर में मल्टीपरपज इंटर कल्टीवेटर जैसे कृषि यंत्र समय पर खेत प्रबंधन का प्रभावी समाधान हैं। निंदाई, गुड़ाई, बियासी और मिट्टी चढ़ाने जैसे कार्य एक साथ होने से श्रम लागत घटती है, उत्पादन बढ़ाने में सहायता मिलती है। फसल की बढ़वार बेहतर होती है तथा विशेषकर कतार बोनी वाली फसलों में ऐसे की यंत्र जलवायु-स्मार्ट एवं टिकाऊ कृषि दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

अब मल्टीपरपज इंटर कल्टीवेटर द्वारा बियासी भी मशीन से की जा सकेगी। दिलचस्प बात यह है कि यह मशीन निंदाई, गुड़ाई के साथ मिट्टी चढ़ाने का भी काम करने में सक्षम है। कृषि श्रमिकों की घटती संख्या और अनिश्चित मानसून दो प्रमुख कारक जो कृषि कार्य को हर बरस प्रभावित कर रहे हैं। समय पर कृषि कार्य का नहीं हो पाना कई तरह की समस्याओं को बढ़ा रहा है। ऐसे में कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी प्रोत्साहन ने एक ऐसे कृषि यंत्र को आकार दिया, जो निंदाई, गुड़ाई और बियासी के साथ मिट्टी चढ़ाने का काम बखूबी से से करता है। पारंपरिक कृषि प्रणाली का महत्वपूर्ण भाग है बियासी। साथ ही करनी होती है निंदाई क्योंकि खरपतवार नियंत्रण आवश्यक है। मिट्टी को ढीला करना भी जरूरी होता है क्योंकि जड़ों तक ऑक्सीजन की पहुंच इससे आसान होती है और पौधों की समुचित बढ़वार को मदद मिलती है लेकिन बड़ी दिक्कत अब खेतीहर श्रमिकों के नहीं मिलने से हो रही है। नया कृषि यंत्र इन सभी समस्याओं को दूर करने में सक्षम है।

**एक साथ चार काम:** नया मल्टीपरपज कल्टीवेटर निंदाई, गुड़ाई, बियासी के साथ पौधों के आसपास मिट्टी चढ़ाने का काम भी करता है। इससे समय पर कृषि कार्य होते हैं। उत्पादन में बढ़ोतरी इसलिए संभव है क्योंकि पौधों की समान संरचना को समय पर ऑक्सीजन मिलता है। खरपतवार नियंत्रण में भी मदद मिलती है। सबसे बड़ा लाभ यह है कि श्रम लागत में काफी कमी आती है क्योंकि समय पर सभी कृषि कार्यआसानी से होते हैं। निंदाई के लिए कोनो वीडर उपकरण उपयोग किया जाता है यह खरपतवार पर नियंत्रण, सुधारता है तथा मैदानी क्षेत्र में ली गई सोयाबीन, मूंग, उड़द, तिल और मक्का को सही बढ़ावार देने की व्यवस्था करता है। पावर वीडर की कार्य क्षमता को सराहना चौतरफा मिल रही है क्योंकि कम समय में अधिक क्षेत्रफल को कवर करता है। बैटरी चलित वीडर महिलाओं और वृद्धि किसानों को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। कम रखरखाव वाली यह मशीन प्रदूषण मुक्त है।कतार बोनी से ली गई फसलों में यह कृषि उपकरण विशेष लाभ देते हैं क्योंकि इस विधि से ली गई फसलों में इसका संचालन बेहतर तरीके से हो पाता है। श्रम लागत में 40 से 70 फीसदी कमी आती है, तो समय पर कृषि कार्य होने से पौधों की संख्या समान होती है। जिसे उत्पादन में वृद्धि के रूप में देखा जा सकता है। सिंचाई पानी और खरपतवारनाशक दवाओं की जरूरत भी कम पड़ती है।



### स्वास्थ्य संयोजक प्रमिला को दी गई विदाई

**नवापारा-राजिम।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ वरिष्ठ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक प्रमिला साहू और वरिष्ठ सुपरवाइजर मीरा मन्ना का सेवानिवृत्ति हुए। इस अवसर पर इन्हें ससम्मान विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरूवात प्रमिला साहू, मां काली मंदिर समिति के अध्यक्ष मेघनाथ साहू, डॉ. तेजेन्द्र साहू, यशोदा देवांगन, मीरा मन्ना द्वारा किया गया। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. तेजेन्द्र साहू ने की। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी श्री साहू द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियो को शॉल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ साहू ने प्रमिला साहू एवं मीरा मन्ना के कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को मीरा मन्ना,मेघनाथ साहू, डॉ. भारत, डॉ. राजकुमार,यशोदा देवांगन, एलपी तारक, लता यदु ने संबोधित किया। कार्यक्रम में नितेश कुंभकार, एफआर साहू, महेन्द्र साहू, चित्रलेखा वर्मा, गिरधारी ध्रुव, तुलेश्वरी साहू, मनीषा वर्मा, टिकेश्वरी बघेल, संतोषी बंजारे, कुंवर ध्रुव, महेन्द्र दीवान, संदीप साहू, रवि, चांदनी, चित्ररेखा, पियूष, दुष्यंत मौजूद थे। संचालन एवं आभार रामअवतार यदु ने किया।

**खबर संक्षेप**



## सुरसाबांधा-जेंजरा मार्ग में जानलेवा गड्ढा, दुर्घटना की आशंका

**सुरसाबांधा।** सुरसाबांधा-जेंजरा मार्ग में जानलेवा गड्ढा कभी भी बड़ी दुर्घटना को अंजाम दे सकता है। ग्रामीणो के लिए यह प्रमुख मार्ग है लोग ईधर से ही आते-जाते है परंतु नहर नाली के पास सड़क के बीच में यह गड्ढा है जहां कभी भी चारपहिया-दुपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो सकता है। यदि समय रहते इसकी मरम्मत नही कराई गई तो लोगो की जान भी जा सकती है। सड़क किनारे नहर के पास सड़क का एक हिस्सा नहर की ओर झुक गया है। जिससे इस मार्ग पर आवागमन करना जोखिम भरा हो गया है। मालूम हो कि यह मार्ग सुरसाबांधा से जेंजरा पहुंचने का सबसे नजदीकी और सुविधाजनक रास्ता माना जाता है। इस मार्ग से प्रतिदिन स्कूली बच्चे, किसान, ग्रामीण, दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक गुजरते हैं। लेकिन सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार दोपहिया वाहन चालक गड्ढों से बचने के प्रयास में असंतुलित होकर गिरते-गिरते बचे हैं। रात के समय यह मार्ग और अधिक खतरनाक हो जाता है। यदि किसी कार या बाइक का पहिया गहरे गड्ढे में चला गया तो गंभीर दुर्घटना होने से इंकार नहीं किया जा सकता। स्थानीय नागरिकों ने लोक निर्माण विभाग से मांग की है कि सड़क की तत्काल मरम्मत कर गड्ढों को भरा जाए। उनका कहना है कि विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय पहले ही आवश्यक कदम उठाए, ताकि लोगों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री बनाए गए नंद किशोर चौबे

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह की सहमति एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्राकर के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला गरियाबंद की नई संगठनात्मक टीम की घोषणा कर दी गई है। भारतीय जनता पार्टी ने



संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता नंदकिशोर चौबे को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, गरियाबंद जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी है। मैनपुर जाड़ापदर निवासी नंदकिशोर चौबे लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में संगठन की विभिन्न गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उन्होंने पार्टी की विचारधारा और संगठनात्मक कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया है उनकी सक्रियता, मेहनत और संगठन के प्रति समर्पण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन पर विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। नियुक्ति की घोषणा के बाद मैनपुर के भाजपा एवं भाजयुमो कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। इस दौरान भाजपा जिला प्रशिक्षण प्रमुख योगेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर, मंडल अध्यक्ष मैनपुर संतोष यादव, महामंत्री घनश्याम मरकाम, दिनेश सचदेव,नरेश सोनवानी, जनक यादव, बृजलाल नागवंशी, अमरलाल सिन्हा, मनोज निर्मलकर, सतन यादव, अजय बघेल, हरीश यादव, हर्षदास मानिकपुरी, शिशुपाल नायक सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त की है।

**पहल :** पटेवा स्कूल में प्रशासन की पहल से विद्यार्थियों, पालकों और ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

# 117 ओबीसी छात्र-छात्राओं के मौके पर ही बने आय व जाति प्रमाणपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पटेवा में ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए आय एवं जाति प्रमाणपत्र बनाने हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। प्रशासन की इस पहल से विद्यार्थियों, पालकों और ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। शिविर में कुल 117 ओबीसी छात्र-छात्राओं के आय एवं जाति प्रमाणपत्र तत्काल बनाकर उन्हें मौके पर ही प्रदान किए गए। शिविर में मुख्य रूप से नवापारा नायब तहसीलदार एलके मंडन, पटवारी विश्वनाथ साहू, ग्राम के सरपंच कृष्णाबाई साहू ,विद्यालय के प्रधानपाठक डीके साहू, प्रभारी प्रधानपाठक दिनेश साहू, शिक्षिका माला कंसारी, शिक्षक रोशन ध्रुव, योगेंद्र वर्मा, भूपेंद्र कंडरा मौजूद थे। नायब तहसीलदार श्री मंडन ने पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ विद्यार्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण कर आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कराईं और सभी पात्र विद्यार्थियों को चंद घंटो में प्रमाणपत्र उपलब्ध करा दिए। आय एवं जाति प्रमाणपत्र प्राप्त करते ही छात्र-छात्राओं के चेहरों पर खुशी साफ झलकने लगी। विद्यार्थियों ने कहा कि पहले इन प्रमाणपत्रों के लिए मुश्किलो का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब विद्यालय में ही यह सुविधा मिलने से समय और खर्च दोनों की बचत हुई है। विद्यार्थियों ने रायपुर कलेक्टर गौरव सिंह एवं नायब तहसीलदार एलके मंडन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। ग्रामीणों और पालकों ने भी प्रशासन के इस जनहितकारी प्रयास का स्वागत किया। इससे प्रशासन के प्रति विश्वास भी मजबूत हुआ है।

### स्कूल का निरीक्षण: शौचालय और टीना शेड की समस्या से अवगत कराया

शिविर के दौरान नायब तहसीलदार श्री मंडन ने विद्यालय का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण में उन्होंने पाया कि विद्यालय में बालकों के लिए पर्याप्त शौचालय की व्यवस्था नहीं है, जिससे विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यदि लेटबाथ की समस्या होती है तो उन्हें छुट्टी मांगकर घर जाना पड़ता है। इस संबंध में ग्राम सरपंच कृष्णाबाई साहू एवं प्रधानपाठक डीके साहू ने एक ज्ञापन सौंपते हुए विद्यालय में शौचालय निर्माण एवं टीना शेड की मांग रखी। बताया कि टीना शेड के अभाव में कई शैक्षणिक कार्य खुले आसमान के नीचे करना पड़ता है। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद नायब तहसीलदार श्री मंडन ने आश्वस्त किया कि वे इस महत्वपूर्ण मांग को कलेक्टर गौरव सिंह को अवगत कराएंगे और विद्यालय की इस आवश्यक समस्या के समाधान के लिए सकारात्मक



प्रयास किए जाएंगे। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली और विद्यालय पहुंचकर दी गई सेवाएं सुशासन का बेहतर उदाहरण हैं। इस तरह के शिविर न केवल विद्यार्थियों का भविष्य संवारने में सहायक सिद्ध होंगे, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में शासन-प्रशासन के प्रति भरोसा भी और अधिक मजबूत करेंगे।

# किसान यूनियन ने दिया सोनम वांगचुक के आंदोलन का समर्थन

### 20 जुलाई को करेंगे फिंगेश्वर में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर



शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन गरियाबंद जिला कमेटी का आवश्यक ऑनलाइन बैठक रखा गया जिसमें प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही विशेष रूप से शामिल रहे तथा बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मदनलाल साहू ने किया। बैठक में सांगठनिक स्थिति,किसानों की वर्तमान समस्याओं, सोनम वांगचूंग के आंदोलन को समर्थन देने संयुक्त किसान मोर्चा के देशव्यापी आगामी कार्यक्रम के संदर्भ में विस्तृत चर्चा किया गया साथ ही नकटी गांव के रहवासियों को भरी बरसात में बेदखल करने की कार्यवाही की निंदा की गई और रायपुर जिला के तुता व धमतरी जिला के कोलयारी गांव के विस्थापन के सम्बन्ध में चर्चा हुई। ऑनलाइन बैठक में प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही ने कहा कि छात्रो, युवाओं और देश की भावी पीढ़ी को बचाने के लिए शिक्षाविद एवं सामाजिक कार्यकर्त्ता सोनम वांगचूंग पिछले 19 दिनों से आमरण अनशन पर है परन्तु संवेदनहीन केन्द्र सरकार उनकी मांगो पर बातचीत के लिए तैयार नहीं है। इस आंदोलन के समर्थन में देश के तमाम बुद्धिजीवी, लोकतंत्र एवं प्रकृति प्रेमी जनता एक साथ खड़ा जो 20 जुलाई को दिल्ली में संसद मार्च के रूप में साथ आ रहे हैं। लेकिन जो दिल्ली नहीं पहुंच पा रहे हैं वे अपने अपने जगहों से उन्हें समर्थन दें रहे हैं।

गरियाबंद जिलाध्यक्ष मदनलाल साहू एवं फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष रेखराम साहू ने बताया कि 20 जुलाई को अनशनरत सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं शिक्षाविद सोनम वांगचूंग के आंदोलन के समर्थन में गरियाबंद जिला के फिंगेश्वर में प्रदर्शन कर स्थानीय प्रशासन को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिए जायेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उन्होंने सभी, बुद्धिजीवीयों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों को आह्वान किया है।

# एकलव्य विद्यालय के बच्चों ने बीएससी नर्सिंग में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

जनजातीय (ट्राइबल) क्षेत्र के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के उद्देश्य से संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कोसमबुडा के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित सत्र 2026 की व्यावसायिक प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम आते ही विद्यालय में जश्न का माहौल है। विद्यालय के बच्चों ने बी.एससी. नर्सिंग और प्री. बी. फार्मेसी / डी. फार्मेसी परीक्षाओं में ऐतिहासिक सफलता दर्ज की है।



विद्यालय प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, इस वर्ष बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा में विद्यालय से कुल 8 छात्राएं शामिल हुई थीं और सभी ने बेहतरीन परसेंटाइल के साथ परीक्षा क्वालीफाई कर 100% सफलता का रिकॉर्ड बनाया है। छात्राओं का प्रदर्शन इस प्रकार रहा। डिम्पल 93.72 प्रतिशत हासिल कर विद्यालय में टॉप किया। लक्ष्मी 93.05 प्रतिशत के साथ दूसरा, तनीषा 91.89 प्रतिशत, अमीषा 90.96 प्रतिशत, द्रोपती 85.91 प्रतिशत, नेहा 85.81 प्रतिशत, चंचल




81.76 प्रतिशत, खुशी 73.33 प्रतिशत। डिम्पल ने कहा की यह सफलता मेरे अकेले की नहीं, बल्कि हमारे स्कूल के शिक्षकों की दिन-रात की मेहनत का परिणाम है। एक जनजातीय पृष्ठभूमि से आने के कारण शुरुआत में बड़ी परीक्षाओं को लेकर थोड़ा डर रहता था, लेकिन हॉस्टल के अनुशासित माहौल और शिक्षकों के मोटिवेशन ने मेरा आत्मविश्वास बढ़ाया। मैं आगे चलकर एक कुशल नर्स बनकर अपने क्षेत्र के लोगों और ग्रामीण समाज की सेवा करना चाहती हूँ।

**फार्मेसी प्रवेश परीक्षा में भी बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन** - नर्सिंग के साथ-साथ विद्यालय के चार अन्य होनहार छात्रों ने प्री. बी. फार्मेसी / डी. फार्मेसी प्रवेश परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी जगह पक्की की है। कृषक व जनजातीय पृष्ठभूमि से आने वाले इन बच्चों ने साबित कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन मिले, तो वे किसी भी प्रतियोगिता में पीछे नहीं हैं। इस परीक्षा में नोकेश्वर राम ने 79 अंक हासिल किए, तो वहीं लक्ष्मी मांझी ने 56 अंक, देवराज ने 51 अंक और दुर्गा ने 41 अंकों के साथ इस एग्जाम को पास किया है। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य डॉ. कमलाकांत यादव ने कहा की यह हमारे पूरे एकलव्य विद्यालय परिवार के लिए अत्यंत गर्व और ऐतिहासिक क्षण है। ग्रामीण और जनजातीय अंचल के इन बच्चों ने साबित कर दिया है कि यदि उन्हें सही दिशा, अनुशासन और बेहतर माहौल मिले तो वे किसी भी मुकाम को हासिल कर सकते हैं।

### नपं लवन के नवनियुक्त एल्डरमैनों ने ली शपथ

**लवन।** नगर पंचायत लवन में शनिवार को नवनियुक्त एल्डरमैनों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल की उपस्थिति में चूड़ामणि सिंघम, दिलीप बंदे एवं गायेश्वर प्रसाद साहू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। शपथ एसडीएम बलौदाबाजार ने दिलाई। गौरीशंकर अग्रवाल ने नवनियुक्त एल्डरमैनों



को बधाई देते हुए कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बिना भेदभाव के प्रत्येक वार्ड में विकास, स्वच्छता और गरीब कल्याण को प्राथमिकता देते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। समारोह में जनप्रतिनिधि, नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, पार्षद, पत्रकार, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# एआई के नैतिक उपयोग और साइबर सुरक्षा पर विशेषज्ञों ने दिया मार्गदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

शिक्षा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा (कोसमी), छुरा के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 18 जुलाई को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से शिक्षकों को सशक्त बनाना: उत्पादकता, साइबर सुरक्षा एवं प्रभावी संचार विषय पर एक दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन सेमिनार हॉल में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के प्राध्यापक, विभागाध्यक्ष, शोधार्थी एवं अकादमिक अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों एवं आमंत्रित विशेषज्ञों का पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत अभियान के संदेश के साथ पॉटेड प्लांट भेंट कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने अपने उद्बोधन में शिक्षण, शोध एवं प्रशासन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रभावी एवं नैतिक उपयोग पर बल देते हुए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के लिए आईक्यूएसी एवं आयोजन समिति की सराहना की।

विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ. पी. विश्वनाथन ने उपस्थित विषय-विशेषज्ञों का स्वागत करते हुए उनके शैक्षणिक, तकनीकी एवं व्यावसायिक अनुभवों का परिचय प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए शिक्षकों का नियमित प्रशिक्षण और नवीन तकनीकों से परिचित होना अत्यंत आवश्यक है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकें शिक्षकों को विद्यार्थियों की आवश्यकता के अनुरूप अध्ययन सामग्री तैयार करने, जटिल विषयों को सरलता से समझाने और शोध गतिविधियों को अधिक व्यवस्थित बनाने में सहायता प्रदान कर सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में डॉ. एन. के. स्वामी, अधिष्ठाता (शैक्षणिक) एवं निदेशक, IQAC ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों, विश्वविद्यालय प्रशासन, आयोजन समिति एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं शोध संस्कृति को भी सुदृढ़ बनाते हैं। सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन डॉ. एन. के. स्वामी, अधिष्ठाता (शैक्षणिक) एवं निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। उनके नेतृत्व में आयोजित यह फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम अत्यंत सफल, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी सिद्ध हुआ।

# सुरसाबांधा में औद्योगिक प्रयोजन के लिए 15.15 हेक्टेयर भूमि आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा

ग्राम पंचायत सुरसाबांधा में औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए औद्योगिक प्रयोजन के लिए कुल 15.15 हेक्टेयर शासकीय भूमि आरक्षित किए जाने पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में संबंधित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु आरक्षित किए जाने की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने इस निर्णय का स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच घनश्याम साहू, उपसरपंच चितेश्वरी वर्मा, जनपद



सदस्य सीमा शर्मा, समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस निर्णय से भविष्य में क्षेत्र में उद्योग स्थापित होने की संभावनाएं बढ़ेंगी। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे, क्षेत्र का आर्थिक विकास होगा तथा ग्राम पंचायत सुरसाबांधा विकास की नई दिशा में आगे बढ़ेगी। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास भी होगा तथा आसपास के गांवों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि आगामी समय में इस आरक्षित भूमि पर जनहित एवं विकास को ध्यान में रखते हुए औद्योगिक परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। ग्रामवासियों ने विश्वास व्यक्त किया कि उद्योगों की स्थापना से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होगा, पलायन में कमी आएगी तथा सुरसाबांधा क्षेत्र आर्थिक और सामाजिक रूप से और अधिक सशक्त बनेगा।

# भाजयुमो जिला अध्यक्ष दीपक का राजिम में स्वागत-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दीपक साहू का राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू एवं उनकी टीम ने आत्मीय स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर उन्हें पुष्पमाला पहनाकर तथा शाल एवं श्रीफल भेंट कर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर लाला साहू ने दीपक साहू को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई देते




हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिले के अधिक से अधिक युवाओं को संगठन से जोड़ते हुए राष्ट्रभक्ति की मुख्यधारा में लाने का सराहनीय कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन तथा केंद्र एवं छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। श्री साहू ने कहा कि दीपक साहू के नेतृत्व में गाँव-गाँव तक पार्टी की नीतियों और विचारधारा का प्रचार-प्रसार होगा तथा अधिक से अधिक युवाओं को भारतीय जनता पार्टी से जोड़कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नेता संजू सोनकर ,ओंकार साहू ,मनीष साहू ,पुखराज साहू ,डायमंड साहू एवं जिला साहू संघ गरियाबंद के संगठन सचिव सुनीति साहू विशेष रूप से उपस्थित थी।
















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सरकार की लापरवाही से जा रही जान : आप

**महासमुंद।** जिले में लगातार बढ़ रही सर्पदंश (सांप काटने) की घटनाओं और उससे हो रही मौतों पर आम आदमी पार्टी ने गहरी चिंता व्यक्त की है। पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र चंद्राकर ने प्रशासन ने पर आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में न तो पर्याप्त एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) उपलब्ध है और न ही प्रशिक्षित चिकित्सा व्यवस्था, जिसके कारण समय पर इलाज न मिलने से लोगों की जान जा रही है। आप नेताओं ने बताया कि प्राप्त आंकड़े के अनुसार देशभर में हर वर्ष लगभग 45,000 से अधिक लोगों की मौत सर्पदंश से होती है, जिनमें 97 प्रतिशत मामले ग्रामीण क्षेत्रों से होते हैं। छत्तीसगढ़ में भी स्थिति चिंताजनक है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार केवल 2016 में 3,533 केस और 60 मौतें, 2017 में 4,109 केस और 52 मौतें, तथा 2018 में 4,148 केस और 33 मौतें दर्ज की गईं। मानसून के दौरान ग्रामीण और वन क्षेत्रों में सर्पदंश की घटनाएं तेजी से बढ़ती हैं।

**मौसम : खेतों में पर्याप्त पानी देखकर रोपाई की तैयारियों में जुटे किसान**

# दो दिनों की बारिश से खेती-किसानी ने पकड़ी रफ्तार, 90 प्रतिशत बोनी पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेंडरी

पिछले दो दिनों से लगातार हो रही बारिश ने भेंडरी अंचल के किसानों के चेहरे पर खुशी लौटा दी है। लंबे समय से अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे किसानों को अब राहत मिली है। लगातार हुई वर्षा से क्षेत्र के खेत-खलिहान पानी से लबालब भर गए हैं और कृषि कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। गांव-गांव में किसान पूरे उत्साह के साथ खेतों की तैयारी में जुट गए हैं तथा धान की रोपाई की तैयारियां जोरों पर हैं। बारिश के कारण खेतों में पर्याप्त नमी आने से ट्रैक्टरों और कृषि यंत्रों की आवाजाही बढ़ गई है। किसान खेतों की जुताई एवं मताई करने में लगे हुए हैं। जिन किसानों ने पहले ही धान की नर्सरी तैयार कर ली थी, वे अब रोपाई शुरू करने की तैयारी कर रहे हैं। आने वाले कुछ दिनों तक मौसम अनुकूल रहने पर बड़े पैमाने पर धान की रोपाई शुरू होने की संभावना है। किसानों का कहना है कि इस बार मानसून की शुरूआत में अपेक्षित बारिश नहीं होने से खेती प्रभावित होने लगी थी। तेज गर्मी और उमस के कारण खेत सूखे पड़े थे और कृषि कार्य ठप होने की स्थिति बन गई थी। लेकिन पिछले दो दिनों की अच्छी बारिश ने हालात पूरी तरह बदल दिए हैं। खेतों में पर्याप्त पानी भर जाने से किसानों को अब सिंचाई की चिंता नहीं रही और वे पूरे मनोयोग से खेती में जुट गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह से शाम तक खेतों में चहल-पहल देखने को मिल रही है। महिलाएं और पुरुष मिलकर रोपाई की तैयारी कर रहे हैं। कृषि मजदूरों की मांग भी बढ़ने लगी है।



### सूखे पड़े थे खेत, अब रोपाई की तैयारी तेज


बैल, ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरण लगातार खेतों में काम करते नजर आ रहे हैं, जिससे पूरे अंचल में कृषि गतिविधियां तेज हो गई हैं। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि यदि आगामी दिनों में इसी तरह संतुलित बारिश होती रही तो खरीफ फसल के लिए यह मौसम काफी लाभदायक साबित होगा। समय पर रोपाई होने से धान की अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ गई है। लगातार बारिश से केवल खेती को ही लाभ नहीं मिला है, बल्कि तालाबों, छोटे जलाशयों और नालों में भी पानी का स्तर बढ़ने लगा है। इससे आने वाले दिनों में सिंचाई के लिए भी पर्याप्त जल उपलब्ध रहने की संभावना है। कुल मिलाकर, दो दिनों की अच्छी बारिश ने भेंडरी अंचल में खेती-किसानी को नई गति दे दी है। किसानों के चेहरों पर फिर से उम्मीद की मुस्कान लौट आई है और अब पूरे क्षेत्र में खरीफ सीजन की शुरूआत उत्साह और उमंग के साथ होती दिखाई दे रही है। मालूम हो कि इस क्षेत्र में 10 फीसदी किसान रोपाई के माध्यम से फसल लगाते है।

## करियर काउंसलिंग में 10वीं व12वीं की छात्राओं को दिए सफलता के मंत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम में कक्षा 10 वीं व 12वीं की छात्राओं के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से कैरियर काउंसलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एवं स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में शिव कुमार वर्मा, डॉ. मीरा बघेल, सुश्री रामेश्वरी परगनिहा, किरण बाला वर्मा एवं चंद्रभूषण बागरिया, डॉ. संध्या शर्मा ने छात्राओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध कैरियर विकल्पों, आवश्यक योग्यताओं, छात्रवृत्ति एवं सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही छात्राओं को लक्ष्य के प्रति दृढ़ता, कड़ी मेहनत एवं सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने अपने जिज्ञासाओं से संबंधित प्रश्न भी पूछे, जिनका वक्ताओं द्वारा संतोषजनक समाधान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यालय के प्राचार्य अजीत सिंह जाट ने सभी अतिथियों एवं मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं को सही दिशा देने एवं उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होंगे।इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षकगण एवं कक्षा 10वीं एवं 12वीं की छात्राएं उपस्थित रहीं।




## राजिम के प्रमुख चौकों और मेला मैदान के नामकरण की मांग, सीएमओ को ज्ञापन



**राजिम।** राजिम के प्रमुख चौक के नामकरण के लिए अशोक मिश्रा,संजीव कर्मकार, पन्नालाल, गीता पटेल ,हेमकुमार ने सीएमओ संतोष विश्वकर्मा को ज्ञापन सौंपा। बताया गया है कि प्रस्ताव में चौबेबांधा-थानापारा-साईं मंदिर मार्ग पर चौक का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक, बजरंग अखाड़ा-थानापारा-चौबेबांधा मार्ग पर चौक का नाम पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक तथा दैनिक सब्जी बाजार-महामाया मंदिर-रायपुर मार्ग पर चौक का नाम भारतमाता एकता, सद्भाव एवं समानता चौक व नवीन मेला मैदान का नाम भगवान श्री राजीव लोचन सामाजिक समरसता मैदान रखने का आग्रह किया गया है।




## भेण्डरी में गोद भराई व अन्नप्रासन्न कार्यक्रम





**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्ड्री में गर्भवती माताओं एवं नन्हे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गोद भराई एवं अन्नप्रासन्न कार्यक्रम में जनपद सदस्य विनीता साहू, यशवंत यादव मौजूद रहे। इन्होने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म एवं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संतुलित आहार तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के प्रति जागरूक किया। अन्नप्रासन्न संस्कार से शिशुओं को पूरक आहार प्रारंभ कराया।

## एनएसएस स्वयंसेवक सम्मानित वितरित किए गए प्रमाण-पत्र



**नवापारा-राजिम।** श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम में नियमित गतिविधियों एवं विशेष शिविर में सक्रिय सहभागिता निभाने वाले स्वयंसेवकों को एनएसएस प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम अधिकारी एस आर वड्डे ने स्वयंसेवकों से कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सेवा, अनुशासन, नेतृत्व तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाजहित के कार्यों में निरंतर सहभागिता बनाए रखने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. मधुरानी शुक्ला ने प्रमाण-पत्र प्राप्त करने वाले सभी स्वयंसेवकों से कहा कि एनएसएस के माध्यम से प्राप्त अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ-साथ उनके भविष्य के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे। कार्यक्रम अधिकारी ने एनएसएस की वर्षभर की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका की सराहना की तथा सभी विद्यार्थियों से आगामी सत्र में भी सामाजिक सेवा एवं जनजागरूकता कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

